हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .5 डिग्री

11 डा. कलाम का जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोतः प्रो. मिगलानी



12 कोसली में नए बस स्टैंड का निर्माण शुरू 11.57 करोड़ की लागत से डेढ़ साल में मिलेगी सुविधा



खबर संक्षेप

नशीले पदार्थ स्मैक के साथ दबोचा आरोपी

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने नशीला पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस को सूचना मिली थी कि कृष्णा नगर निवासी दक्ष नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बताए गए स्थान पर जाकर आरोपी दक्ष को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 960 मिग्री स्मैक बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हादसों के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने हादसा होने के बाद गत 1 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने नया गांव निवासी नरेश को गिरफ्तार करते हुए उसकी वैगन-आर कार को कब्जे में ले लिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने हादसे के बाद 5 अक्टूबर को दर्ज मामले में राजस्थान के करमपुर निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। उसकी कैंटर गाड़ी को भी कब्जे में लिया गया है।

दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने जुलाई माह में दर्ज किए गए दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर गत 28 जुलाई को पानीपत के एक गांव निवासी अन्नू कुमार के खिलाफ दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंसलिंग के बाद भी उनमें समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 12 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद नारनौल के बसीतपुर निवासी रत्नलाल को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे रिहा कर दिया गया।

चोरी के मामले में आरोपी भेजा जेल

रेवाड़ी। थाना मॉडल पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात के बाद केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद नूंह के लिहंगा निवासी साबिर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया था। आरोपी चोरी के अन्य मामलों में भी शामिल रहा है। उससे चोरी का माल बरामद करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। आरोपी को चोरी के मामले में दूसरी बार प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है।

आसमान से गिरी राहत की बूंदें, सरसों बिजाई में मिलेगी मदद

■ आज से आसमान साफ होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रबी के प्रमुख फसल सरसों की बिजाई के लिए जमीन सिंचित करने में लगे किसानों को बारिश ने काफी राहत देने का काम कर दिया है। जिले में औसत 4 एमएम बारिश का अनुमान है, जिसे सरसों की बिजाई के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। शनिवार से आसमान होने की संभावना है। इस बारिश के साथ ही गर्मी की विदाई भी लगभग तय हो गई है। एक दिन पूर्व कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बंदाबांदी हुई थी। शुक्रवार तड़के एक बार फिर मौसम मेहरबान हुआ। सुबह 8 बजे तक चौबीस घंटों के दौरान रेवाड़ी खंड में सर्वाधिक13 एमएम बारिश दर्ज की गई। मनेठी खंड में सबसे कम 0.8 एमएम बारिश हुई। सुबह काफी देर तक बारिश और बूंदाबांदी होती रही। रात को बारिश के बाद मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। रात का पारा 2.5 डिग्री की गिरावट के साथ 19.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिन का तापमान भी 1.5 डिग्री गिरकर 30.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 65 प्रतिशत तक रहा। पारा गिरने के कारण सुबह के समय हल्की ठंड का असर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार 17 अक्टूबर से आसमान साफ होने की संभावना है। इसके बाद जल्द बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। दिन का तापमान मामूली बढ़ सकता है, लेकिन रात के तापमान में गिरावट से सुबह के समय लोगों को जल्द गर्म कपड़े संभालने पड़ सकते हैं।



रेवाड़ी। शुक्रवार सुबह छाए बरसात के बादल व लगी ट्रैक्टरों की कतार।

शुक्रवार सुबह 8 बजे तक हुई बारिश

रेवाड़ी	13 एमएम
धारूहेड़ा	8 एमएम
डहीना	3 एमएम
पाल्हावास	2 एमएम
बावल	2 एमएम
कोसली	2 एमएम
नाहड़	1 एमएम
मनेठी	0.8 एमएम

किसानों के चेहरों पर आई रौनक

इस समय किसानों को सरसों की बिजाई के लिए जमीन की सिंचाई फव्वारा सेटों से करनी पड़ रही थी। इस बारिश के बाद कई इलाकों में उन्हें जमीन सिंचित करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मौसम साफ होते ही किसान सरसों की बिजाई कर सकते हैं। दिन के समय पड़ने वाली गर्मी का असर कम होने से सरसों की अंकुरित फसल भी नुकसान से बची रहेगी। किसान अब जल्द से जल्द सरसों की बिजाई का कार्य पूरा कर सकेंगे।

पावर कटों से भी मिली राहत

बारिश के बाद बिजली की डिमांड भी कम हो गई। दैनिक खपत 80 लाख यूनिट से भी कम पर आ गई है, जिससे उपभोक्ताओं को पीक अवर्स में लगने वाले कटों से राहत मिल गई है। बारिश के कारण कृषि क्षेत्र में भी बिजली की खपत कम हो गई है। इससे पहले बिजली की खपत बढ़ने के कारण बार-बार लगने वाले कट लोगों को परेशान कर रहे थे।

शहर के सर्कुलर रोड पर नाइवाली चौक, अग्रसेन चौक सहित बावल रोड व मॉडल टाउन की जर्जर सड़कें बनी आफत

त्योहारी सीजन में बढ़ रही भीड़,सड़कों पर गड्ढे व जलभराव बने परेशानी, जाम में फंस रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

त्योहारी सीजन के चलते शहर के बाजार व मुख्य मार्गों पर भीड़ बढ़ने लगी है। सर्कुलर रोड, अनाजमंडी रोड व बावल रोड पर वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई है। ऐसे में किसान भी खरीफ की फसल बेचने के लिए अनाजमंडी में आ रहे है। वाहनों की अधिकता होने क कारण शहर के मार्गो पर हर आधे घंटे में जाम की स्थिति बन रही है।

वही शहर में दो दिन हुई बरसात से सड़कों पर पिछले दिनों किया गया पैचवर्क हटने से गड्ढे फिर से उभर गए है। बरसात से हुए जलभराव के कारण सड़कों पर गड्ढे नजर नहीं आ रहे है। वही कई स्थानों में गड्ढों में सीवर ओवरफ्लो का गंदा पानी जमा है। ऐसे में वाहन चालकों को मार्ग से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद की ओर से लंबे समय से अपने कार्यालय से करीब 200 मीटर दूर स्थित अग्रसेन चौक का गड्ढा तक नहीं भरा जा रहा है, जहां हर समय पानी जमा रहता है।

शुक्रवार को नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक तक पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। टैफिक पुलिस वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए मशक्कत करती रही।



रेवाड़ी। अग्रसेन चौक पर गड्ढों व जलभराव से लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

जलभराव और सीवर का पानी बना सड़क का दुश्मन

सड़कों पर होने वाले जलभराव और सीवर का गंदा पानी बहने से सड़कें तेजी से जर्जर हो रही हैं। बरसात होने पर कई स्थानों पर सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। इसके अलावा सीवर ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। लंबे समय तक सड़क पर पानी जमा रहने और सीवर का पानी बहने से सड़क की सतह कमजोर हो जाती है और धीरे-धीरे सड़क उखड़ने लगती है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ जल निकासी की उचित व्यवस्था होना भी जरूरी है। यदि सड़क पर लगातार पानी खड़ा रहता है तो अच्छी गुणवत्ता की सड़क भी समय से पहले खराब हो सकती है।



बावल रोड पर गड्ढों में से गुजरते वाहन

शहर की अन्य सड़क हुईं जर्जर

बरसात के बाद शहर की अन्य सड़कों की हालत भी लगातार खराब होती जा रही है। जगह-जगह सड़कें टूट चुकी हैं और भारी-भरकम गड्ढे बन गए हैं। शहर के मॉडल टाउन में शिशुशाला स्कूल के सामने, सेक्टर-1, सेक्टर-3 व 4, सरकुलर रोड व बावल रोड की सड़क जर्जर हालत में है। इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए ये गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। रात के समय गड्ढों में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

गड्ढों से निजात दिलाने की मांग

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की सड़कों की गुणवत्ता पर ध्यान रखा जाए ताकि ये ज्यादा दिन तक टिक सकें। लोगों का कहना है त्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ती जा रही है। ऐसे में सड़कों पर बने भारी-भरकम गड्ढे परेशानी बने हुए है। मेन सरकुलर रोड पर नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक तक व बावल रोड की जर्जर सड़क ज्यादा परेशान कर रही है। उन्होंने प्रशासन से जर्जर सड़कों से निजात दिलाने की मांग की है।



विवेक जैन



मोहित जैन

जैन एजुकेशन बोर्ड के पांच पदों पर चुनाव 22 नवंबर को 5 को जमा होंगे नामांकन

रेवाड़ी। इस बार श्री दिगंबर जैन समाज के शिक्षा संगठन जैन एजुकेशन बोर्ड में पांच पदाधिकारियों के चुनाव 22 नवंबर को कराए जाएंगे। चुनाव संपन्न कराने के लिए विवेक जैन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं एडवोकेट मोहित जैन को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। दो नवंबर से नामांकन पत्र दिए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जैन एजुकेशन बोर्ड के चुनाव के लिए 22 नवंबर की तारीख निश्चित की गई है। नामांकन पत्र दो व 3 नवंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस बार प्रधान, उपप्रधान, सचिव, प्रबंधक व कोषाध्यक्ष के पदों का चुनाव होगा। प्रधान पद के लिए आयु 35 वर्ष तथा नामांकन राशि 5000 होगी, जबकि अन्य पदों के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं राशि 3000 रखी गई है। 5 नवंबर को नामांकन जमा कराए जाएंगे तथा शाम को वैद्य नामांकन पत्रों की सूची विद्यालय नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाएगी। 10 नवंबर को नाम वापस लिए जा सकते हैं। 11 नवंबर को चुनाव चिंह आबंटित किए जाएंगे। बोर्ड के तहत जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जैन गर्ल्स स्कूल एवं जैन बाल प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। मतदान जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक कराया जाएगा। इसके पश्चात मतगणना होगी और विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

स्वास्थ्य संस्थानों में अब मरीज क्यूआर कोड से कर सकेंगे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग ने जिले के नागरिक अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल भुगतान प्राप्त करने की व्यवस्था शुरू की है। इस सुविधा से मरीज ओपीडी, इमरजेंसी बिलिंग और लैब जांच बिलिंग काउंटर पर क्यूआर स्कैनर से डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों की देखभाल से संबंधित पर्ची बनवाने तथा विभिन्न प्रकार की जांचों के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान क्यूआर कोड के माध्यम से करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य मरीजों एवं उनके परिजनों को भुगतान की प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करना तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने पर मरीजों को नकद राशि साथ रखने की आवश्यकता कम होगी और भुगतान प्रक्रिया अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनेगी। सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन दिशा-निर्देशों की अनुपालना करें, ताकि जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



रेवाड़ी। अस्पताल में लोगों को क्यूआर कोड की जानकारी देते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

नवरात्र पर मां दुर्गा की वंदना का कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की वंदना का कार्यक्रम भक्तों को दर्शन दे गई रे-इक छोटी सी कन्या का आयोजन 18 अक्टूबर को आशियाना वृद्धाश्रम झज्जर चौक पर किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आशियाना वृद्धाश्रम के प्रधान दिनेश राजपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। श्रीराम युवा शाखा के प्रधान सीए जतिन सैनी डांडिया उत्सव की व्यवस्था करेंगे। भजन गायिका सोनिया पोपली मां दुर्गा के मधुर भजन सुनाएंगी। कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा।



जन-संवाद पोर्टल की शिकायतों को लंबित न रखें अधिकारीः उपायुक्त

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जन-संवाद, समाधान शिविर तथा जन-शिकायतों के निवारण की समीक्षा बैठक की। डीसी ने विभागीय अधिकारियों को नागरिकों की शिकायतों को लंबित न रखकर तय समय में निवारण करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जन-संवाद एवं समाधान शिविरों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारी शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा में निपटान करें। उन्होंने लंबित शिकायतों, एक्शन टेकन रिपोर्ट तथा शिकायतों के निपटान से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएमसी प्रदीप अहलावत व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भक्ति

श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा, शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे

मंदिरों में माता के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर में मां दुर्गा के नवरात्रों की धूम मची हुई है। शारदीय नवरात्रों के छठे दिन शुक्रवार को शहर के मंदिरों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से छठे स्वरूप मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ है।

शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे हैं। शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर व आर्य समाज रोड स्थित दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालु माता के दर्शन करने व अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए पहुंच रहे है। बारा हजारी मंदिर के पुजारी ने बताया कि महर्षि कत के पुत्र ऋषि कात्य के गोत्र में पैदा हुए महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की घोर उपासना करते हुए उनसे अपने घर में जन्म लेने का अनुरोध किया था। कात्यायन की उपासना व महिषासुर के बढते उत्पात से ब्रह्मा, विष्णु व महेश के तेज के अंश से मां कात्यायनी ने महर्षि कात्यायन की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में भी महिला मंडलों द्वारा मां भगवती को समर्पित भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है।





सातवें नवरात्र पर मां कालरात्रि की होगी पूजा

मां दुर्गा की 7वीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। शनिवार को 7वें नवरात्रे पर उपासक मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है, सिर के बाल बिखरे हुए हैं, गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला भी है, मां के 3 नेत्र हैं, यह तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं, इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं, मां का वाहन गर्दभ है। इनका ऊपर उठा हुआ दाहिने हाथ की वरमुद्रा सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी ओर का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बाई ओर के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन मां सदैव ही शुभ फल देने वाली ही हैं। इसलिए भक्तों को मां से भयभीत नहीं होना चाहिए। मां की उपासना करने वाले साधकों को लाभ मिलता है, मां उनके समस्त पापों और विघ्नों का नाश कर देती है। मां की कृपा से उपासक सर्वथा भयमुक्त हो जाता है। उपासक को एकाग्र मन से मां की उपासना करनी चाहिए।

यादव कल्याण सभा की बैठक व जांच कैंप कल

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 18 अक्टूबर को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। शिविर में मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. अजीत यादव मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डी रोग, डा. सुनील यादव सर्जरी, डा. प्रीती यादव नेत्र रोग व डा. मनीष यादव ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे तथा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह फिजियोथेरेपी की सेवाएं देंगे। प्रवक्ता ने बताया कि चिकित्सा शिविर के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की विशेष मीटिंग प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक वार्षिक उत्सव व प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी।



रामायणम का दूसरा ट्रेलर रिलीज, राम अवतार में रणबीर छाए, रावण भी भारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड और अब तक की सबसे अधिक महंगी फिल्म 'रामायणम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में काफी इम्प्रेसिव नजर आ रहे हैं। वहीं, एक बार फिर यश रावण के रूप में दमदार दिखे हैं। फिल्म को वीएफएक्स की बदौलत मार्वल फिल्मों को जबरदस्त टक्कर दी गई है। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता के किरदार में हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में दिखेंगे। ट्रेलर की शुरुआत शानदार विजुअल के साथ होती है। इस दूसरे ट्रेलर की शुरुआत रावण के उदय और उसकी बढ़ती ताकत से होती है। इस ट्रेलर में भगवान राम की झलकियों के साथ बैकग्राउंड में कहा जा रहा है, 'एक युग ऐसा भी था जब मानव भूमि पर भगवान वास करते थे। सृष्टि में शक्ति का संतुलन था। परंतु भगवान ब्रह्मा के वरदान ने एक असुर को इतना शक्तिशाली बना दिया।

लाइफ Style

आशा

एक वक्त काम नहीं था, फिर भी एक्टिंग नहीं छोड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों 'अली बाबा 40 भूत' में नजर आ रही हैं। शो में उनका किरदार साइंस स्टूडेंट का है, जो शुरुआत में भूत-प्रेत जैसी चीजों को बकवास मानता है। आशा के लिए इस शो की शुरुआत ही थोड़ी अलग रही। उन्हें शूट शुरू होने से सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने शो के अलावा अपने कॅरियर के उतार-चढ़ाव, लंबे शूटिंग शेड्यूल और निजी जिंदगी से जुड़े कई किस्से साझा किए।

आशा कहती हैं, 'मुझे शो के लिए सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। अगले दिन मेरे ट्रायल हुए। फिर छह एपिसोड की रीडिंग हुई, शाम को लुक टेस्ट हुआ और उसी दौरान शूट भी शुरू हो गया। मुझे उस वक्त सिर्फ चौथे एपिसोड की स्क्रिप्ट पता थी। मुझे आगे की कहानी पता थी, न पीछे की। सच कहूं तो मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैंने ये सब कैसे मैनेज किया।' वह आगे कहती हैं, 'शायद हमारे डायरेक्टर बहुत अच्छे थे और एक्टर्स ने भी बहुत मदद की। कई बार लगता है कि विशाल की परफॉर्मेंस की वजह से मैं बच गई। बाकी सब मस्ती-मजाक में हो गया। मुझे लास्ट मोमेंट पर लॉक किया गया था, तैयारी का टाइम ही नहीं मिला। कई बार सोचती हूं कि मैंने ये सब कैसे कर लिया। लेकिन यही इस काम की खूबसूरती है। कई बार पूरी तैयारी का मौका नहीं मिलता और उसी वक्त चीजों को पकड़ना पड़ता है।' मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ओरछा में 40 एपिसोड की शूटिंग करीब दो महीने चली। आशा कहती हैं, 'मेरे लिए मेंटल प्रिपरेशन भी उतना ही जरूरी था। 40 एपिसोड का शूट है, तो सिर्फ रीडिंग या स्क्रिप्ट की तैयारी नहीं थी। हमें करीब दो महीने एक आइसोलेटेड रीजन में रहना था। वहीं काम करना है, वहीं खाना-पीना है। वही लोग आपके परिवार और दोस्त बन जाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की पहचान उनके एक्शन से है। 'कमांडो' जैसी फिल्मों में वह अपने स्टंट से अलग पहचान बना चुके हैं। अब वह हॉलीवुड पहुंचे हैं। उनकी फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है। इस फिल्म को लेकर भारतीय दर्शकों की दिलचस्पी की एक बड़ी वजह विद्युत हैं। वह धालसिम के किरदार में नजर आते हैं, जो गेम के चर्चित लड़ाकों में से एक है। लेकिन फिल्म में विद्युत को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। स्ट्रीट फाइटर जापानी कंपनी कैपकॉम की मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी है। इसकी शुरुआत 1987 में हुई थी। 1991 में आए 'स्ट्रीट फाइटर II' ने इसे दुनिया भर में पहचान दिलाई। गेम में अलग-अलग देशों के लड़ाके मुकाबला करते हैं। हर किरदार का अपना अंदाज और हमला करने का अलग तरीका है।



प्रियंका को मिला 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में प्रियंका को 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया. यह सम्मान मनोरंजन जगत में उनके योगदान के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने और अलग-अलग आवाजों को मंच देने की दिशा में उनके काम को पहचान देता है। इस मौके पर अभिनेता मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को यह सम्मान प्रदान किया। भारतीय सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निर्माता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के जरिए अलग तरह की कहानियों और नए कलाकारों को सामने लाने की कोशिश की जाती रही है। प्रियंका का अंतरराष्ट्रीय करियर केवल फिल्मों तक सीमित नहीं रहा है। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चर्चाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।



गरीबी में मिला दोस्ती का तोहफा मगर अमीरी देगी खतरों को न्यौता

मुंबई। वेबसीरीज 'चार यार' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस सीरीज में एक्शन, थ्रिल और दोस्ती को मिलेगी। इसमें पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता नजर आ रहे हैं अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 23 अक्टूबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वेबसीरीज 'चार यार की शुरुआत होती है मिडिल क्लास परिवारों के चार लड़कों से। यह सभी परिवारिक अर्थिक स्थिति से परेशान हैं। मगर इन सभी के जीवन में एक मोड़ आता है जिसके बाद चार जिंदगियां हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यह चारों दोस्त गरीबी से निजात पाने के लिए चोरी का प्लान बनाते हैं। गलती से यह चारों एक महंगी और एंटीक गाड़ी चुरा लेते हैं और छुपा देते हैं। इसके बाद पुलिस थानों से लेकर गाड़ी चोरी करने वाले बड़े सरगनाओं तक यह बात फैल जाती है। सभी लोग इन्हें ढूंढने की कोशिशों में लग जाते हैं।



15 साल बाद आएगा द डर्टी पिक्चर का सीक्वल

मुंबई। साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया। एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



अंदर के रावण से लड़ने के लिए मनीष-समीक्षा ने लिया प्रण

मुंबई। रावण सिर्फ रामायण का एक पात्र नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपा एक अवगुण भी है। कभी अहंकार के रूप में तो कभी आत्मविश्वास की कमी के रूप में। हर साल दशहरा के मौके पर रावण दहन अपने अंदर झांकने और मन में छिपे दुर्गुणों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। हर इंसान के भीतर अच्छाई के राम और कमजोरियों के रावण के बीच एक युद्ध चलता रहता है। धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनीष वाधवा कहते हैं, इंसान को बुराइयों का पुतला कहा गया है और मैं भी अलग नहीं हूं। हर इंसान में गुस्सा, अहंकार, ईर्ष्या, निंदा और लालच जैसी बहुत सारी बुराइयां भरी होती हैं। एक बार कुछ गलत होने पर कोशिश होती है कि दोबारा ऐसा न करूं। हम इंसान हैं भगवान नहीं तो कुछ गलतियां बार-बार होती रहती हैं। हम हर साल दशहरा के मौके पर जो रावण को जलता हुआ, रावण पर राम की विजय को देखते हैं, वो बार-बार यही दर्शाता है कि हमें हर बार अपने अंदर के उन रावण रूपी बुराइयों को मारना होगा। धारावाहिक अप्सरा में सुनहरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री समीक्षा जायसवाल कहती हैं, 'मेरे लिए दशहरा उम्मीद और साहस का त्योहार है। यह याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न लगे, उसके सामने खड़े होने का हौसला रखना चाहिए। मां दुर्गा की शक्ति और दूसरों की रक्षा करने का भाव मुझे हमेशा प्रेरित करता है।' समीक्षा ने आगे बताया, "किसी नए चुनौतीपूर्ण काम की शुरुआत से पहले कभी-कभी मुझे अपनी क्षमताओं पर संदेह होता था।

38 साल से हर संडे गूंज रही सुरों की 'रंगोली'

नई दिल्ली। जब देश में मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे, तब दूरदर्शन आया और इतने यादगार सीरियल्स और शोज दिए कि उसने घर-घर में लोगों को टीवी खरीदने पर मजबूर कर दिया। एक ऐसा ही शो 1988 में शुरू हुआ था। हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने इस शो की शुरुआत की थी और टीवी पर यह इतना बड़ा हिट हुआ कि लोग हर रविवार को सुबह 8 बजे टीवी के सामने बैठकर इस शो का आनंद लेने पर मजबूर हो गए। 'रंगोली' एक म्यूजिकल शो था जो 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। शो का फॉर्मेट ऐसा था कि हर हफ्ते नया थीम होता था और किसी फिल्मी सितारे या गायक-गायिका के बारे में बताया जाता था और उनसे जुड़े सदाबहार गानों को दिखाया जाता था। यह म्यूजिकल शो हर सुबह की शुरुआत मनोरंजन से करता था। यह शो 80 और 90 के दशक में सबसे ज्यादा हिट रहा। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसने खूब सफलता हासिल की। इसे सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिडिल ईस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स में मिली थी।



भक्ति में लीन काजोल, मां और बहन के साथ पहुंचीं माता रानी के दरबार

मुंबई। मुखर्जी परिवार हर साल दुर्गा पूजा का उत्सव धूमधाम से सेलिब्रेट करता है। अयान मुखर्जी से लेकर रानी मुखर्जी, काजोल, तनुजा समेत तमाम सितारे पंडाल में पहुंचते हैं और मां की भक्ति-पूजा में लीन रहते हैं। इस साल भी भव्य आयोजन हुआ है। बीते दिन काजोल वहां पहुंचीं। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल से तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आज का दिन पूरी तरह से मां के विभिन्न रूपों को समर्पित रहा। एक मां के रूप में, एक बेटी के रूप में, एक रक्षक के रूप में और एक देवी के रूप में'। काजोल ने आगे लिखा है, 'जय मां दुर्गा। उत्साह के साथ जश्न शुरू हो चुका है'। काजोल लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके साथ उनकी मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा भी हैं। 83 वर्षीय तनुजा अपनी दोनों बेटियों-काजोल और तनीषा के साथ पोज देती दिख रही हैं। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पूजा की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'साल के सबसे पसंदीदा वक्त की शुरुआत हो चुकी है। मां आ गई हैं। दुर्गा मां की जय हो'। तस्वीरों में चर्चित निर्देशक अयान मुखर्जी भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि अयान, काजोल के चचेरे भाई हैं। काजोल और तनीषा माता रानी के भक्ति गीतों पर थिरकती नजर आईं।



पर्दे की असली 'देवी', भजन गाकर लोग करते थे पूजा

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में पर्दे पर कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अपने किरदारों से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। इनमें से एक एक्ट्रेस ऐसी रहीं, जो पर्दे पर मां के किरदारों में खूब पसंद की गईं। हालांकि मां से पहले एक दौर ऐसा था, जब उन्हें लोग सच में देवी समझने लगे थे।

कौन थी वो अभिनेत्री?

जिस अभिनेत्री के नाम का जिक्र हम कर रहे हैं, उनका नाम है निरूपा रॉय। सिनेमा में भी पर्दे की दमदार मां के किरदार का जिक्र होता है निरूपा रॉय का नाम हमेशा सामने आता है। उन्होंने पर्दे पर कई किरदार निभाए। उनकी पुण्यतिथि के मौके पर आइए जानते हैं, उनसे जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा। निरूपा रॉय का जन्म 4 जनवरी 1931 को गुजरात में हुआ था। निरूपा रॉय जब 15 साल की थीं, तभी उनके पिता ने उनकी शादी कर दी। तब ऐसा होता था कि, जल्दी ही शादी कर दी जाती थी और निरूपा रॉय के साथ भी यही हुआ। शादी के बाद निरूपा रॉय ने फिल्मों में एंट्री की। जब वह फिल्मों में आईं तब उनका नाम कांता चौहान था। शादी के बाद उनके पति ने गुजराती फिल्मों के एक ऑडिशन का विज्ञापन देखा। निरूपा रॉय के पति कमल खुद एक्टर बनना चाहते थे, इसलिए ऑडिशन देने गए। लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था, डायरेक्टर ने पति की जगह 16 साल की कांता को चुन लिया। फिर कांता चौहान निरूपा रॉय बन गईं और फिल्मों में आ गईं।



धार्मिक फिल्मों का था चलन

निरूपा रॉय जब फिल्मों में आईं थीं, तो उस दौर में सिनेमा में धार्मिक फिल्मों का चलन ज्यादा था। ज्यादातर फिल्ममेकर धार्मिक फिल्में बनाते थे और निरूपा रॉय की किस्मत भी इन्हीं फिल्मों से खुली। हालांकि निरूपा रॉय के करियर को ब्रेक एक गुजराती फिल्म से मिला था। फिल्मों की शुरुआत में निरूपा रॉय ने धार्मिक फिल्मों में काम किया। 1940 और 50 के दशक में उन्होंने त्रिलोक कपूर के साथ लगभग 16 से 18 धार्मिक फिल्मों में काम किया।

लोग सच में देवी ही मानने लगे थे

इन फिल्मों में वह देवी के रूप में नजर आईं। हैरानी की बात तो यह थी कि उन्हें लोग सच में देवी ही मानने लगे थे। लोग उन्हें जहां देखते, भजन गाना शुरू कर देते और उनके पैरों में पड़ जाते थे। हर-हर महादेव, राम जन्म, दुर्गा पूजा, चक्रधारी, नाग पंचमी और ना जाने ऐसी कितनी फिल्में थीं, जिनमें निरूपा रॉय नजर आईं। हालांकि, वीर भीमसेन में उन्होंने द्रौपदी का किरदार निभाकर सबका दिल जीत लिया था। अमर राज उनके कॅरियर की पहली हिंदी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में निरूपा रॉय ने इन फिल्मों के बाद कई बड़ी फिल्मों में काम किया। 70 और 80 के दशक में तो उन्होंने सिनेमा की असली मां बनकर ऐसा कारनामा किया कि सब देखते रह गए।

देवी-देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने किया खूब पसंद

माता वैष्णों देवी से लेकर माता काली और दुर्गा पर बनी हैं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनाई गई है जिसमें भगवान की शक्ति और एक भक्त की भक्ति दिखाई गई है। भगवान, राम से लेकर हनुमान तक पर फिल्में बनीं हैं। देवी देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। इस लिस्ट में एक ऐसी भी फिल्म शामिल है, जिसने कमाई और मुनाफे के मामले में शोले जैसी फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया था। नवरात्र के मौके पर जानिए देवियों पर बनी इन 5 खास फिल्मों के बारे में।

जय संतोषी मां

साल 1975 में संतोषी माता की कहानी सुनाने वाली एक फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'जय संतोषी मां'। इस फिल्म में अनीता गुहा ने माता का किरदार निभाया था। ऐसा माना जाता है कि इस फिल्म के बाद देश भर में संतोषी माता के व्रत करने का चलन बढ़ गया था। थिएटर में फिल्म देखने जाने वाले लोग चप्पल बाहर उतार कर अंदर जाया करते थे। 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने उस जमाने में 5 करोड़ का कलेक्शन किया था। मुनाफा कमाने के मामले में इस फिल्म ने शोले को पीछे छोड़ दिया था।



महिमा संतोषी माता की

1983 में एक और संतोषी मां पर बनी फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'महिमा संतोषी माता की'। फिल्म का डायरेक्शन कमलाकार कामेश्वर राव ने किया था। इस फिल्म में चंद्र मोहन, प्रभा और KR विजय लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी माता पर लोगों के विश्वास और उनकी महिमा की थी।

जय महाकाली

साल 1979 में मां काली पर फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था जय महाकाली। इस फिल्म का डायरेक्शन बाबूभाई मिस्त्री ने किया था। फिल्म में मां काली की शक्तियों को दिखाया गया था। इस फिल्म में विक्रम गोखले, रंजना, दीनू त्रिवेदी, माधवी पंड्या जैसे एक्टर्स ने लीड रोल निभाया था। इसकी **IMDB** रेटिंग की जानकारी नहीं दी गई है।

दुर्गा मां

1986 में दुर्गा मां नाम की एक फिल्म आई थी। इस फिल्म की कहानी एक अनाथ बच्ची की होती है। उस बच्ची को एक पुलिस अधिकारी गोद ले लेता है। लेकिन उसकी पत्नी बच्ची से खुश नहीं होती है। बच्ची बड़ी होती है तो मां दुर्गा की सच्ची भक्त निकलती है। उसकी शादी होती है और वो उसका नाम दुर्गा रखती है। लेकिन कुछ लोग उस बच्ची की बलि चढ़ाना चाहते हैं। कहानी इमोशनल करने वाली है। इस फिल्म में सचिन पिलगांवकर ने अहम भूमिका निभाई है।

जय मां वैष्णों देवी

नवरात्रि के दौरान टीवी पर अपने जय मां वैष्णों देवी नाम की फिल्म जरूर देखी होगी। ये फिल्म साल 1994 में थिएटर पर रिलीज हुई थी। ये वही फिल्म है जिसकी कहानी में माता खुद अपने भक्त को किया वादा निभाने के लिए जमीन पर कन्या के रूप में आती है। फिल्म में दिखाया जाता है कि एक कपल औलाद पाने के लिए माता के नौ दिनों के व्रत रखते हैं और पूरे गांव को खाने पर बुला लेते हैं। फिर माता खुद आती हैं और चमत्कार कर पूरे गांव को खाना खिलवाती है।

खबर संक्षेप

अटेली में लगा रक्तदान शिविर, 50 यूनिट एकत्रित

मंडी अटेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत अटेली में रक्तदान शिविर लगाया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय की ओर से आयोजित शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में आयोजक प्रदीप सराय ने 50वीं बार रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। शिविर में क्रिड के जोनल मैनेजर कमल ने 41 वर्ष की उम्र में 30वीं बार रक्तदान किया। इस मौके अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार, जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह यादव, सतीश डीएसपी, मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव, अटेली भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार रहे।

पहाड़ी माता का वार्षिक संकीर्तन महोत्सव आज

सतनाली मंडी। कस्बे में एसबीआई बैंक के पास नवरात्र के पावन पर्व पर माधोगढ़िया परिवार की ओर से पहाड़ी वाली माता का 20वां वार्षिक संकीर्तन महोत्सव 17 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य महेश माधोगढ़िया ने बताया कि शनिवार सायं 7:15 बजे से शुरू होने वाले इस महोत्सव में निखिल अग्रवाल भिवानी, ट्विंकल शर्मा दिल्ली एवं सुधांशु गौत्तम तिजारा माता रानी का गुणगान करेंगे। रविवार को सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

24 को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता

नारनौल। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से राजवंशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौचाना में 24 अक्टूबर को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता होगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें एक स्वस्थ एवं पोलियो-मुक्त विश्व के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। यह जानकारी रोटरी क्लब नारनौल के प्रधान रोटेरियन दिनेश भार्गव ने दी।

दशहरा विजय जुलूस उत्सव की तैयारियां तेज

नारनौल। श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिक क्लब की आवश्यक बैठक शुक्रवार क्लब के मंच पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विजयादशमी पर्व के संरक्षक किशन चौधरी एडवोकेट ने की। बैठक में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विजयादशमी पर्व-दशहरा विजय जुलूस उत्सव के लिए संयोजक प्रवीण संघी को बनाया गया। मंच संचालन की जिम्मेदारी नितिन चौधरी की देखरेख में रहेगी। क्लब के मंत्री भरत कुमार अग्रवाल ने हाजिरी रजिस्टर में सभी उपस्थित सदस्यों एवं कारसेवकों के हस्ताक्षर करवाए और मीटिंग का एजेंडा पढ़कर सुनाया, जिसका सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। महोत्सव संरक्षक एवं नप के पूर्व प्रधान किशन चौधरी एडवोकेट ने बताया कि विजयादशमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी इसी कड़ी में जुलूस में बैंड, घोड़ी-बग्गी, नाचने वाली घोड़ी, डीजे पिकअप, अलवर का प्रसिद्ध गदका अखाड़ा, नागिन बैंड आदि आकर्षण के रूप में शामिल रहेंगे।

आईजीयू में एक दिवसीय अंतर-विभागीय कार्यशाला

डॉ. कलाम का जीवन छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत: प्रो. मिगलानी

कार्यशाला में विभिन्न विभागों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 61 टीमों ने विज्ञान पोस्टर तथा 10 टीमों ने अपने नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



रेवाड़ी। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कुलसचिव। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग एवं बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विज्ञान पोस्टर प्रस्तुति एवं नवाचारी वैज्ञानिक मॉडलों की एक दिवसीय अंतर-विभागीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार तथा अनुसंधानपरक सोच को प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने आयोजन समिति, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को संदेश दिया कि डा. कलाम का जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा और रचनात्मकता को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि उनके भीतर अनुसंधान व बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूकता भी पैदा करती हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने किया। उन्होंने डा. कलाम के सरल, विनम्र एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुनील कुमार ने डा. कलाम के साधारण पृष्ठभूमि से सफलता के शिखर तक पहुंचने की असाधारण यात्रा का उल्लेख किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 61 टीमों ने विज्ञान पोस्टर तथा 10 टीमों ने अपने नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डा. कविता यादव ने विश्वविद्यालय प्रशासन, निर्णायक मंडल, आयोजन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

विजेताओं को प्रदान किए पुरस्कार व स्मृति चिन्ह

समापन सत्र की अध्यक्षता छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. करण सिंह ने की। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार व स्मृति-चिह्न प्रदान किए और विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

कार्बन-नकारात्मक धुआं रहित चूल्हा प्रथम

प्रो. सतिंदर बल गुप्ता, प्रो. रश्मि पुंडीर एवं सतीश कुमार के प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन के पोस्टर प्रेजेंटेशन में इलेक्ट्रोमॉर्फिक कंप्यूटिंगः मस्तिष्क से प्रेरित संगणना तथा साइटिफिक मॉडल में कार्बन-नकारात्मक धुआंरहित चूल्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एक से चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

जिला पुलिस सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों की कड़ाई से पालना कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा की ओर से यातायात पुलिस और जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों तथा संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखी जाए। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिन वाहन मालिकों ने अब तक अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगवाई है, वे जल्द से जल्द संबंधित विभाग से संपर्क करके अपने वाहनों पर एचएसआरपी लगवा लें। आगामी 1 नवंबर के बाद यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर नकेल कसने के लिए जिला पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

बिना नंबर प्लेट व पुराने वाहनों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

एसपी ने बताया कि जिला पुलिस की ओर से विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट, अधूरी या अस्पष्ट नंबर प्लेट, अथवा नंबरों से छेड़छाड़ करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। ऐसे चालकों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसके अतिरिक्त एनजीटी के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए 10 वर्ष पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के संचालन पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। नियमों का उल्लंघन कर सड़क पर दौड़ने वाले ऐसे पुराने वाहनों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देते हुए सभी यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में पुलिस का सहयोग करें।

अधिसूचना के नए ले-आउट प्लान से लोगों में रोष, विधायक को सौंपा ज्ञापन

- नए नक्शे में पुराने रिहायशी मकानों व व्यावसायिक दुकानों पर दर्शाई है हरी पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

हरियाणा सरकार के नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग की ओर से 8 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना के नए ले-आउट प्लान ड्राइंग संख्या 13217 को लेकर कोसली के साल्हावास रोड़ भाकली-2 क्षेत्र के निवासियों में डर और रोष का माहौल है। इस नए नक्शे में दशकों पुराने रिहायशी मकानों और व्यावसायिक दुकानों के ऊपर से एक हरी पट्टी दर्शा दी गई है, जिससे इन स्थापित निर्माणों के नियमित होने का रास्ता बंद हो गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को साल्हावास रोड भाकली-2 के दर्जनों प्रभावित नागरिकों व दुकानदारों ने कोसली के विधायक अनिल कुमार यादव से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। नागरिकों का कहना है कि वे इस क्षेत्र के वर्ष 1980 से भी पहले के स्थायी वोटर हैं। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि नक्शे में जहां मकानों के ऊपर हरी लाइन खींची गई है, उसके ठीक दूसरी तरफ सरकारी फ्लाईओवर बना हुआ है। जब दोनों तरफ पक्के ढांचे हैं, तो धरातल पर ग्रीन बेल्ट बनाना तकनीकी रूप से नामुमकिन है। यह नक्शा जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करके बनाया गया है।

आंदोलन की दी चेतावनी

विधायक अनिल यादव ने आश्वासन दिया है कि वे इस त्रुटिपूर्ण नक्शे के विषय को चंडीगढ़ मुख्यालय में उच्च अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाएंगे और इस ले-आउट प्लान को तुरंत दुरूस्त कराकर पुराने स्थापित निर्माणों को छूट दिलवाएंगे। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि इस कागजी नक्शे में बदलाव कर हरी लाइन को डायवर्ट नहीं किया गया, तो सैकड़ों लोग बेघर और बेरोजगार हो जाएंगे, जिसके खिलाफ वे कोर्ट जाने और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

शारदीय नवरात्र के तहत प्रोडिजी स्कूल में 20 को होगा डांडिया का धमाल

- समारोह के लिए 2500 से अधिक करा चुके हैं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम की रिहर्सल करते बच्चे।

सेक्टर-4 स्थित जैन पब्लिक स्कूल की शाखा प्रोडिजी स्कूल में 20 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे डांडिया का धमाल देखने को मिलेगा। उत्सव को भव्य बनाने के लिए विद्यार्थी नृत्य, अभिनय, संगीत व कलात्मक कार्यों का जमकर अभ्यास कर रहे हैं। डांडिया को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में खासा उत्साह है।

उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रोडिजी स्कूल के चौथे डांडिया उत्सव मे जहां विद्यार्थी भारतीय संस्कृति के परंपरागत मूल्यों को आत्मसात करेंगे, वहीं नृत्य, अभिनय एवं संगीत की प्रस्तुति भी देंगे। समारोह के लिए अभी तक 2500 से अधिक पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि समारोह में हरियाणा की कौशल विकास अधिकारी शिखा गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से सातवीं तक के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। अभिभावकों व आगंतुकों के लिए भी डांडिया एवं गरबा खेलने की व्यवस्था की गई है। युगल नृत्य व समूह नृत्य के साथ लक्की ड्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

एमपीएचडब्ल्यू ने किया एमओटीपी का विरोध

- एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सैनी के नाम सौंप ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने लगातार दूसरे दिन शुकवार को स्वास्थ्य विभाग की एमओटीपी प्रक्रिया के विरोध में प्रदर्शन किया और जिला एसडीएम दलबीर सिंह माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की अपील की। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला प्रधान दिनेश यादव ने सरकार की सजावटी आदर्श ऑनलाइन नीति की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में आदर्श जैसा कुछ नहीं है। सरकार ने पारदर्शी नीति का हवाला देते हुए नीति की शुरूआत की थी, लेकिन रेशनेलाइजेशन के नाम पर अनेकों जिलों के बहुत सारे पद बंद कर दिए गए है। प्रदेश भर से ग्राम पंचायतों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार को मांगपत्र भेजते हुए विरोध जताया है एवं पदों को ब्लॉक न करने एवं प्रदेश भर में खाली पदों को नियमित भर्ती से भरने की अपील की है।

खाली पदों पर नियमित भर्ती करे सरकार: सांगवान

एसोसिएशन के राज्य महासचिव सहदेव सांगवान ने प्रदेश भर के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि सूबे में वर्तमान में लगभग एमपीएचडब्ल्यू मेल के 1000, महिला के 700 पद एवं सुपरवाइजर के भी सैकड़ों पद खाली है। सरकार को चाहिए कि अविलंब सीईटी पास बेरोजगार डिप्लोमाधारकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को प्रदान करें एवं रेशनेलाइजेशन के नाम पर पदों को खत्म करने का कार्य बंद करे। तत्पश्चात ऑफलाइन तबादलों का ऑप्शन खोलते हुए दूरदराज जिलों मेवात एवं पलवल में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाए।

कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा: शर्मिला

एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला यादव ने ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश का एमपीएचडब्ल्यू वर्ग सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के पूर्ण विरोध में है। यदि सरकार ने एसोसिएशन के पुरजोर विरोध के बावजूद एमओटीपी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया तो एसोसिएशन तुरंत रणनीति बनाते हुए आंदोलन तेज करेगी।

एसआईआर द्वितीय चरण के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया

- प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सतीश, गुरविंदर व दीपक ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शिविर में जानकारी देते हुए सीटीएम जितेन्द्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल संचालन के लिए लघु सचिवालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को सीटीएम जितेंद्र कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीटीएम ने बताया कि चार्ज अधिकारियों, टेक्निकल असिस्टेंट एवं चार्ज क्लर्क के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कार्यों, जिम्मेदारियों तथा निर्धारित प्रक्रियाओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करना और कार्यों को प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए सक्षम बनाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में सतीश, गुरविंदर और दीपक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीनों मास्टर ट्रेनरों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया तथा उनके कार्यों से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा कीं। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों को समझने, कार्यों में समन्वय बनाए रखने और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के महत्व से अवगत कराया गया।

प्रक्रिया की जानकारी दी

मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में हरियाणा में स्व गणना 10 जनवरी से 24 जनवरी 2027 तक कर सकेंगे। इसके उपरांत 25 जनवरी से 28 फरवरी तक जनसंख्या गणना की जाएगी। इस दौरान प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रत्येक व्यक्ति से 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। जनगणना का कार्य ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से होगा। नागरिकों को स्वयं-गणना के तहत ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज करने की सुविधा भी मिलेगी।

दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम में हरियाणवी व पंजाबी नृत्य का प्रदर्शन

- मंचीय प्रतियोगिता में छात्रों ने चित्रकला से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



राजकीय महाविद्यालयमें आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन समारोह में पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य मेजर एमआर लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं पूर्व प्राचार्य डॉ. पीके यादव व प्रोफेसर महेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतिभा खोज कार्यक्रम के प्रथम दिन गैर-मंचीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि दूसरे दिन मंचीय प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने चित्रकला, स्लोगन लेखन, रंगोली, कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, रागिनी तथा हरियाणवी, राजस्थानी एवं पंजाबी नृत्य जैसी प्रतियोगिता में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. मुकेश कुमारी, प्रोफेसर अलका एवं डॉ. अनीता यादव शामिल रहीं।



श्रीकृष्णा स्कूल में हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, यशिका ने पाया प्रथम स्थान

महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने और बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से 80 ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने बहुत ही सटीक और त्वरित उत्तर दिया। उन्होंने बताया कि कक्षा आठवीं ऐमबी से यशिका, हर्षिता, शिवानी, विनय व गौरव प्रथम, ऐम ए से तन्नु, प्राची, रक्षित, अमन व गौतम ने दूसरा तथा ऐम डी से हिमानी, चंचल, दीपांशु, हिमांशु व अभिदेव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि आज का युग पूरी तरह विज्ञान और तकनीक का है। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और तार्किक क्षमता को बढ़ावा देती हैं। सीईओ कर्मवीर राव और डा. कविता राव ने कहा कि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जिस प्रकार 80 अलग-अलग वैज्ञानिक प्रश्नों का आत्मविश्वास के साथ सामना किया, वह वास्तव में सराहनीय है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि विज्ञान हमें अंधविश्वास से दूर रखकर तार्किक ढंग से सोचना सिखाता है।

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया साइबर थाना का शैक्षणिक भ्रमण

थोड़ी सी लापरवाही साइबर ठगों का बना सकती शिकार: दीपिका

सार्वजनिक स्थानों पर किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी।

साइबर सुरक्षा माह के तहत आमजन और युवाओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमों की ओर से शिक्षण संस्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने साइबर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को साइबर पुलिस की कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकी उपकरणों और साइबर अपराधों की जांच प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिला।

विद्यार्थियों को मिला साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन

इस दौरान पुलिस लाइन के सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपिका अग्रवाल ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक जहां हमारे काम को आसान बनाती है, वहीं थोड़ी सी लापरवाही हमें साइबर अपराधियों का शिकार बना सकती है। सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार है।

विद्यार्थियों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

एएसपी ने कहा कि कभी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, सीवीवी, बैंक खाता संख्या या पासवर्ड साझा न करें। अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखें और किसी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट या मैसेज स्वीकार न करें। किसी भी संदिग्ध या आकर्षक ऑफर वाले लिंक पर क्लिक न करें। ऑनलाइन गेमिंग या चैटिंग के दौरान व्यक्तिगत जानकारी या तस्वीरें साझा करने से बचें। यदि कोई ब्लैकमेल या परेशान करे, तो तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को सूचित करें।

साइबर थाने की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए विद्यार्थी

भ्रमण के दौरान साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को थाना परिसर का भ्रमण कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार साइबर हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है तथा ठगी की गई राशि को होल्ड कराया जाता है। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

कोसली विधायक अनिल यादव ने रखी नए बस स्टैंड की आधारशिला

कोसली में नए बस स्टैंड का निर्माण शुरू, 11.57 करोड़ की लागत से डेढ़ साल में मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

उपमंडल कोसली में लंबे समय बाद नए बस स्टैंड निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को विधायक अनिल यादव ने बस स्टैंड निर्माण की आधारशिला रखकर कार्य का शुभारंभ किया। कोसली में करीब 11 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से नया बस स्टैंड बनकर तैयार होगा, जिसके लिए 18 महीने की समय सीमा निर्धारित की गई है। बस स्टैंड के बनने से कोसली सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को परिवहन सुविधाएं मिल जाएंगी। बस स्टैंड बनने से क्षेत्र में बसों के ठहराव और संचालन की व्यवस्था भी सुचारू हो जाएगी।

3.82 करोड़ से बनेगा सर्विस रोड

सब डिपो से 50 बसों का किया जाएगा संचालन

कोसली सब डिपो से 50 के करीब बसें संचालित की जाएंगी। क्षेत्र के लोगों को कोसली बस स्टैंड से ही दूसरे जिलों व राज्यों के रूटों पर रोडवेज की बस सेवाएं मिलेंगी। कोसली सब डिपो में 92 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है,जिसमें एक स्टेशन सुपरवाइजर, तीन गार्ड मास्टर, एक एसएसआई, एक हेड मैकेनिक, 10 मैकेनिक, 3 इलेक्ट्रिशियन, 2 ब्लैक स्मिथ, एक रेडिएटर रिपेयरर, 2 वेल्डर, एक पेंटर, 4 टायरमैन, 18 सहायक मैकेनिक, 4 सहायक इलेक्ट्रिशियन, 4 सहायक ब्लैक स्मिथ, 5 सहायक टावरमैन, 4 सहायक वेल्डर, 2 सहायक पेंटर, 2 सहायक अपहोल्स्टर, 2 सहायक, 10 स्टोरमैन, एक जूनियर ऑडिटर, तीन क्लर्क के, तीन कैशियर और 5 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद शामिल हैं।





रेवाड़ी। कोसली में नए बस स्टैंड की आधारशिला रखते विधायक व कोसली की रोडवेज वर्कशॉप। फोटो : हरिभूमि

6 बूथों की होगी सुविधा

नए बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा के लिए 6 बूथ बनाए जाएंगे। इसके अलावा अधिकारियों के कार्यालय, बसों के ठहराव के लिए प्लेटफार्म, पार्किंग और कार्यशाला की व्यवस्था होगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड बनने से यात्रियों को बसों का इंतजार करने और आवागमन में सुविधा मिलेगी।

ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होगी

बस स्टैंड के साथ सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा, जिसके लिए 3 करोड़ 82 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। सर्विस रोड बनने से बस स्टैंड तक पहुंचने और वाहनों के आवागमन को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। बस स्टैंड के पास सर्विस रोड बनने से ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित होगी।

आसपास के क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

कोसली बस स्टैंड बनने से आसपास के गांवों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, झज्जर, गुरुग्राम और दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों के लिए बस सुविधा मिलेगी। बसों के ठहराव, पार्किंग और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होने से यात्रियों को सुविधा होगी।

क्षेत्र की पुरानी मांग आज पूरी हुई: विधायक

कोसली में नया बस स्टैंड बनवाने के लिए जनता की पुरानी मांग चली आ रही थी, जो कि आज पूरी हुई है। नया बस स्टैंड बनने से लोगों को रोडवेज बसों की बेहतर सेवाएं मिल सकेगी। कोसली में आरओबी को दोबारा बनाकर शुरू कर दिया गया था। नाहड़ रोड पर पानी निकासी के लिए 48 लाख रुपए की लागत से नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। साल्हावास रोड का पुनर्निर्माण कराने के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।

- अनिल यादव, विधायक कोसली।

पूरे हरियाणा में समान विकास करा रही सरकार



रेवाड़ी। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

■ विकास के मामले में रेवाड़ी क्षेत्र को किसी से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार के पास विकास को लेकर धन की कोई कमी नहीं है। इस क्षेत्र की वर्षों से लंबित समस्याओं व मांगों के समाधान को लेकर वे पिछले दो साल से लगातार प्रयासरत है तथा धीरे-धीरे उनका स्थाई समाधान भी कराया जा रहा है। विधायक शुक्रवार को क्षेत्र के गांव मालाहेड़ा में करोड़ों के अनेकों विकास कार्यों का उद्घाटन करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शमशान घाट की चारदिवारी का उद्घाटन, नरेंद्र पंच के मकान से एससी चौपाल तक आरसीसी पाइप लाइन का उद्घाटन, जनरल चौपाल का उद्घाटन, स्कूल से लेकर बलवंत के मकान तक इंटरलोकिंग टाईल रास्ते तथा मालाहेड़ा से बलेवा मार्केट कमेटी रोड़ का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश भी दिए।

ये मौजूद रहे

विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कराकर अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव तथा पारदर्शिता के साथ पूरे हरियाणा में समान विकास करा रही है, जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में रेवाड़ी क्षेत्र को किसी से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। इस अवसर पर महेश सरपंच मालाहेड़ा, कार्तिक सरपंच जोनावास, दलबीर चेयरमैन, प्रदीप सरपंच राजपुरा, लक्खी सरपंच खटावली, रामचंद्र सरपंच ततारपुर, मोहित ब्लॉक समिति सदस्य, बीडीपीओ अशोक कुमार, दीपक मंगला, कैप्टन देवदत्त, विजय मास्टर व विक्रम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



रेवाड़ी। रामलीला में अभिनय करते हुए करते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

साधु के वेष में सीता का हरण कर ले गया रावण, श्री राम ने किया बाली का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे कॉलोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से के के सक्सेना के निर्देशन में रामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है। वीरवार रात्रि को पं. मोहन लाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन के बाद नगर पार्षद डा. सत्य नारायण यादव व पार्षद मनीष कुमार टिकानियां ने रामलीला का उद्घाटन किया। मंचन के दौरान रावण मामा मारीच को हिरण के रूप में पंचवटी भेजता है, जिसको पकड़ने के लिए सीता प्रभु श्री राम को भेजती है, लेकिन श्री राम के काफी देर तक नहीं आने पर माता सीता उनकी सहायता के लिए लक्ष्मण को भेजती है, जिसका लाभ उठाकर रावण साधु के वेष में सीता का हरण कर लेता है। रास्ते में जटायु महाराज सीता को रावण से छुड़वाने की काफी कोशिश करते है, लेकिन रावण उसके पंख काट देता है। जब राम व लक्ष्मण वापस पंचवटी पहुंचते है तो वहां सीता को नहीं पाकर बहुत दुखी होते है और उनकी तलाश में निकल जाते है। रामलीला में रावण का अभिनय मुकेश भारद्वाज, मारीच-राजेश शर्मा, जटायु-जितेश, राम-दिवेश शर्मा, लक्ष्मण-मोहित यादव, सीता-सागर, शबरी-जितेश, सुग्रीव-भगत राजा का रोल प्रिंस व हर्ष यादव ने किया।





रामलीला में सीता का हरण करते हुए रावण व किष्किंधा में सुग्रीव व हनुमान से मिलते श्रीराम।

भरत मिलाप और सूर्पणखा संवाद के मंचन ने दर्शकों को किया प्रभावित

रेवाड़ी। लोको शिव मंदिर ड्रामेटिक क्लब की रामलीला में शुक्रवार रात्रि को भरत मिलाप और सूर्पनखा-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। सूर्पनखा की भूमिका दीपक और लक्ष्मण की भूमिका विनोद ने निभाई। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। क्लब के निदेशक रामनारायण ने बताया कि भरत मिलाप का प्रसंग त्याग, भाईचारे और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। भरत ने श्रीराम की चरण पादुकाओं को राजसिंहासन पर स्थापित कर उनके प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया था। वहीं, सूर्पनखा प्रसंग राम-रावण युद्ध की पृष्ठभूमि से जुड़ा महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। रामनारायण ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक मंचन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पारिवारिक एकता और नैतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।



रेवाड़ी। रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम से मिलने चित्रकूट पहुंचे भरत-शत्रुघ्न

रेवाड़ी। जिले के गांव गांव मैलावास में रामलीला के मंच पर शुक्रवार रात भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। मंचन में ननिहाल से भरत और शत्रुघ्न अयोध्या लौटते हैं तो श्री राम व लक्ष्मण को अयोध्या में न देखकर दुखी होते है। वनवास का पता चलने पर दोनों श्रीराम से मिलने चित्रकूट की ओर प्रस्थान करते हैं। वे श्रीराम से मिलकर उनके वापस लौटने की जिद करते हैं। मगर श्रीराम के समझाने पर मान जाते हैं और राम की चरण पादुका लेकर वापस लौटते हैं। रामलीला में कृष्ण कुमार मुख्य अध्यापक ने राम, तेजराम ने सीता, धर्मपाल ने लक्ष्मण, डा. संतलाल ने भरत तथा लीलू ने शत्रुघ्न का अभिनय कर दर्शकों को भाव विभोर किया।

श्रीराम के रूप पर मोहित हुई सूर्पणखा, लक्ष्मण ने काटी नाक

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर शुक्रवार रात्रि भरत मिलाप, सूर्पनखा की नाक काटने से लेकर खर-दूषण के वध तक की लीला का मंचन किया गया। मंचन में जब ननिहाल से भरत और शत्रुघ्न अयोध्या लौटते हैं तो राम व लक्ष्मण को अयोध्या में न देखकर सारी बातों का पता लगाकर वनों की ओर प्रस्थान करते हैं। दोनों श्रीराम से वापस अयोध्या लौटने की जिद करते हैं, जिसके बाद समझाने पर श्रीराम की चरण पादुकाएं लेकर वापस लौटते हैं। जब श्रीराम, सीता और लक्ष्मण अपनी कुटिया में विश्राम कर रहे थे तभी राक्षसी सूर्पनखा वहां आई और राम के रूप को देख उन पर मोहित हो गई और उनसे शादी करने की जिद करने लगी। श्रीराम के समझाने पर सूर्पनखा जबरदस्ती करती है तो लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। लीला के मुख्य निर्देशक भारत भूषण कश्यप और निर्देशक राजेश पंवार ने बताया कि ललित सैनी ने राम, रूपेश गुप्ता ने सीता, हिमांशु गुप्ता ने लक्ष्मण, भारत गुप्ता ने भरत, दीपक सैनी ने शत्रुघ्न, संजय सैनी ने सूर्पनखा और करण व दीपक ने खर व दूषण का अभिनय कर दर्शकों को भाव विभोर किया। रामलीला के आयोजन में श्याम गुप्ता, सचिव याद के सुगंध, सुभाष गुप्ता, लोकेश गोयल, विकास गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, लालाराम गुप्ता व नानक चन्द गुप्ता का सहयोग रहा।

डीएवी स्कूल के छात्रों ने एडवेंचर आइसलेंट का किया भ्रमण



रेवाड़ी। भ्रमण के दौरान शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन दिल्ली रोड की ओर से कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को दिल्ली रोहणी स्थित एडवेंचर आइसलेंड का भ्रमण कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित शैक्षणिक दिनचर्या से अलग मनोरंजन, आपसी मेलजोल और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से एक सुखद अनुभव प्रदान करना था। पिकनिक के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रोमांचक राइड्स और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ बिताए गए इन पलों ने विद्यार्थियों को आनंद, उत्साह और नई ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर ने उन्हें एक-दूसरे के साथ समय बिताने, आपसी सहयोग को बढ़ावा देने तथा समूह में आनंददायक अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को भी महत्त्व दिया जाता है। इस प्रकार की मनोरंजक यात्राएं विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या से कुछ समय निकालकर तरोताजा होने और सहपाठियों के साथ यादगार पल बिताने का अवसर देती हैं।

सोमाणी कॉलेज में फ्रेशर वेलकम और डांडिया सेलिब्रेशन कार्यक्रम आज

रेवाड़ी। सोमाणी कॉलेज में 17 अक्टूबर को कॉलेज परिसर में नए शिक्षण सत्र के फ्रेशर छात्र-छात्राओं के स्वागत के साथ डांडिया सेलिब्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कॉलेज के सभागार में होने वाले कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कॉलेज के वाइस चेयरमैन एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विशाल सोमाणी करेंगे। प्रोफेसर रमेश कुमार ने बताया कि यह आयोजन हरियाणा और गुजरात प्रदेश की संस्कृति से युवाओं को रूबरू कराने के लिए आयोजित किया जा रहा। सहायक प्रोफेसर किरण और प्रीति यादव ने कहा कि यह आयोजन देश की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षण देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

बाल देखभाल संस्थानों में निजी मोबाइल से सीसीटीवी जोड़ने पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



तृप्ति श्योराण

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने प्रदेश के सभी बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के इस्तेमाल को लेकर वैधानिक परामर्श जारी किया है। इसके तहत सीसीटीवी व्यवस्था को निजी मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही, बच्चों की रिकॉर्डिंग को बिना अनुमति देखने, उसकी प्रतिलिपि बनाने या दूसरों तक पहुंचाने पर रोक लगाई गई है। तृप्ति श्योराण ने संस्थानों के निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ स्थानों पर सी सी टी वी व्यवस्था निजी मोबाइल फोन और लैपटॉप से जुड़ी हुई थी, जिससे बच्चों की गतिविधियों की रिकॉर्डिंग अनधिकृत व्यक्तियों तक पहुंचने का खतरा रहता है। निर्देश दिए कि सीसीटीवी व्यवस्था और उसकी रिकॉर्डिंग पर संस्थान के प्रभारी का नियंत्रण रहे तथा इसे देखने की अनुमति केवल अधिकृत कर्मचारियों को दी जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग की तस्वीर लेना, उसे डाउनलोड करना या व्हाट्सऐप, सामाजिक माध्यमों और ईमेल के जरिए साझा करना प्रतिबंधित रहेगा।

मेरी छोटी सी है नाव, तेरे जादू भरे पांव व अयोध्या हो रही व्याकुल..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री शिव रामलीला समिति नई अनाजमंडी की ओर से पांचवे दिन की रामलीला में दशरथ के स्वर्ग सिधारने, राम-लक्ष्मण-सीता का वन गमन, निषादराज दरबार, केवट की ओर से गंगा पार व भरत का अयोध्या आगमन तक की लीला दिखाई गई। लीला में केवट की ओर से मेरी छोटी सी है नाव, तेरे जादू भरे पांव व भरत की ओर से गाए गए भजन अयोध्या हो रही व्याकुल... पर दर्शक भाव-विभोर हो गए। लीला का शुभारंभ हिंदु स्कूल के प्रधान रामकिशन भालखी वाले के पुत्र विकास अग्रवाल ने किया। समिति के महासचिव दीपक मंगला ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। रामलीला में आशीष शर्मा ने राम, नवीन लखेरा लक्ष्मण, हर्ष गुप्ता सीता, कपिल चन्द शर्मा दशरथ, गिरिश गुप्ता कैकई, प्रकाश सैनी गुरू वशिष्ठ, गिरिश सिंघला ने सुमंत तथा राजे रामपुरा, बीडी अग्रवाल, विनोद, जेपी पंडित, सुरेन्द्र, नरेन्द्र, महेन्द्र भगत, रोहिन, अनिल रामपुरा, विपिन्न अग्रवाल ने निषादराज, उज्जवल व लोकेश ने निषाद सेना, डा. श्याम बिहारी, राजेश, पवन डाबला, संजीव वशिष्ठ ने केवट, एडवोकेट राजेश सैनी ने कौशल्या, प्रदीप शर्मा ने सुमित्रा, नितिन चावरिया ने भरत व एकांश गोयल ने शत्रुघ्न का अभिनय किया।



रेवाड़ी। अनाज मंडी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

प्रतियोगिता में छात्राओं ने अनेक खेलों में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को 18वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने छात्राओं को शक्ति का रूप बताते हुए नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं व खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर विधायक यादव ने महाविद्यालय के खेल संरचना के विकास के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को 2100, 1100 व 500 की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व महाविद्यालय प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के योग विभाग की ओर से योग पर आधारित एक विशेष प्रस्तुति दी गई। ढालियावास के सरपंच प्रतिनिधि बलराज यादव भी मौजूद थे। मंच संचालन डा. यशपाल, डा. सुचेता व पवन कुमार ने किया। बीए प्रथम वर्ष की महिमा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।







रेवाड़ी। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते विधायक व शिक्षक, प्रतियोगिता में गोला फेंकते हुए छात्रा व दौड़ लगाते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

100 मीटर दौड़ में आरती ने प्रथम, महिमा ने द्वितीय व कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में आरती ने प्रथम, मीनाक्षी ने द्वितीय व रुचि ने तृतीय, 400 मीटर दौड़ में ज्योति ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय व आरती ने तृतीय, लॉन्ग जंप में सान्या ने पहला, संतोष ने दूसरा व आरती ने तीसरा, जैवलिन थ्रो में महिमा ने पहला, रूपाली ने दूसरा व मोनिका ने तीसरा, शॉर्टपुट में महिमा ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय व रूपाली ने तृतीय, डिस्कस थ्रो में महिमा ने पहला, रूपाली ने दूसरा व मोनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।